प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.04.2025/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/15.00बजे

प्रधानमंत्री–राजनाथ मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ नई दिल्ली में बैठक की। लगभग 40 मिनट तक चली यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद की स्थिति को लेकर हुई। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कल राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की थी

इस बीच, भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर गलत सूचना फैलाने के लिए डॉन न्यूज, समा टीवी, आर्य न्यूज और जियो न्यूज सहित 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन यूट्यूब चैनलों पर सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ व सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, झूठे और भ्रामक बयान फैलाने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। केन्द्र सरकार ने पहलगाम हमले पर बी.बी.सी. की रिपोर्टिंग पर भी आपत्ति जताई है और भारत के बी.बी.सी. प्रमुख को देश की भावनाओं से अवगत कराया है।

.........................................................

राष्ट्रपति–पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज शाम राष्ट्रपति भवन में नागरिक सम्मान समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। देश के सर्वोच्च  नागरिक सम्माननों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री में दिये जाते हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस पूर्व की संध्या पर सरकार ने एक सौ 39 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी। इसमें सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और एक सौ 13 पद्मश्री पुरस्कार हैं। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले  के पनियाला गांव के प्रगतिशील बागवान हरिमन शर्मा भी पदमश्री पुरस्कार प्राप्त करने वालों में शामिल हैं। उन्हें ये पुरस्कार गर्म क्षेत्र में सेब की नई किस्म एच.आर.एम.एन–99 के शोध के लिए दिया गया है। हरिमन शर्मा को पदमश्री मिलना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

.........................................................

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक व विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण विभाग के ई–कल्याण पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के सभी पात्र आवेदक निदेशालय के अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही पेंशन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर

सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 37 हजार नए लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा। इसके लिए लगभग 67 करोड़ रूपये अतिरिक्त व्यय किये जाएंगे। ई–कल्याण पोर्टल को हिम भूमि, हिम परिवार, आधार और पी.डी.एस. राशनकार्ड डाटाबेस से एकीकृत किया गया है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

---

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवा सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता के लिए सामूहिक प्रयासों का आहवान किया है। वे कल शाम ऊना जिला में राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि हरोली उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और एकता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी लोक संस्कृति और नैतिक मूल्यों के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है और इस तरह के उत्सव हमारी परंपराओं को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस वर्ष के उत्सव की थीम 'नशा निवारण' की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 'नशा मुक्त ऊना–नशा मुक्त हिमाचल' का संदेश केवल एक नारा नहीं है, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रहा है।

---

अग्निहोत्री

इस बीच, हरोली उत्सव के दूसरे दिन आज सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति जागरूकता मैराथन आयोजित की गई। प्रदेश परिवहन व खेल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस मैराथन को उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम नशा मुक्त ऊना– नशा मुक्त हिमाचल बनाने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशे के खिलाफ सख्त कानून बनाए हैं और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

---